**दिनांक–13.10.2023 को श्री विनोद कुमार पंकज, बि0प्र0से0, सहायक निदेशक भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना की अध्यक्षता में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना के आई0टी0 सेल एवं मानचित्र निर्माण से सम्बन्धित विषयों के सम्बन्ध में की गई दिनांक 16.09.2023 को सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग–सह–निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षात्मक बैठक में दिये गये निदेश के अनुश्रवण एवं अब तक कृत कार्रवाई की समीक्षा हेतु आहुत बैठक की कार्यवाही।**

दिनांक–13.10..2023 को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में श्रीमती सईदा खातुन, उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना, विशेष सर्वेक्षण शाखा के सभी सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, जिलों के नामित नोडल पदाधिकारी, निदेशालय के आई0टी0 सेल से सम्बद्ध सभी पदाधिकारियों/कर्मियों एवं तीनों हवाई सर्वेक्षण एजेंसी के पदाधिकारी/कर्मी के साथ **आई0टी0 सेल एवं मानचित्र निर्माण से सम्बन्धित विषयों के सम्बन्ध में की गई दिनांक 16.09.2023 को सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग–सह–निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षात्मक बैठक में दिये गये निदेश के अनुश्रवण एवं अब तक कृत कार्रवाई की समीक्षा से संबंधित बैठक आयोजित की गई जिसमें पूर्व के समीक्षात्मक बैठक, कार्रवाई ज्ञापांक 8097 दिनांक 22.09.2023 एवं ज्ञापांक 8514 दिनांक 13.10.2023 में दिये गये निदेश का अनुश्रवण एवं अब तक कृत कार्रवाई की समीक्षा निम्नांकित कंडिकानुसार की गई :–**

(i). **भू–नक्शा सॉफ्टवेयर का User Interface और डैशबोर्ड में सुधारः–** इस संबंध में मो0 अली प्रभारी,आई0टी0 सेल द्वारा बताया गया कि उक्त हेतु एन0आई0सी0 नई दिल्ली को पत्रांक 8459 दिनांक 10.10.2023 निर्गत कर दिया गया है।

**(अनुपालन–मो0 अली, प्रभारी, आई0टी0 सेल)**

(ii) **पूर्व के सभी डिजिटाईज्ड मानचित्रों की भू–नक्शा सॉफ्टवेयरों में अपलोडिंगः–** इस संबंध में उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग द्वारा बताया गया कि कार्रवाई की जा रही है जल्द ही कर लिया जाएगा।

**(अनुपालन–उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना)**

(iii) **विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त के प्रक्रमवार मानचित्रों की भू–नक्शा सॉफ्टवेयर में अपलोडिंग :–** इस संबंध में मो0 अली प्रभारी,आई0टी0 सेल द्वारा बताया गया कि उक्त हेतु एस0डी0सी0, पटना को पत्रांक 8460 दिनांक 10.10.2023 को निर्गत किया गया है।

**(अनुपालन–मो0 अली, प्रभारी, आई0टी0 सेल)**

(iv) **ग्रामवार मानचित्रों की जियोरेफरेसिंग :–** इस संबंध में संबंधितों द्वारा बताया गया कि IL&FS द्वारा 8 जिलों का उक्त डाटा दे दिया गया है शेष दो एजेंसी से किस्तवार पूर्ण ग्रामों का डाटा प्राप्त किया जाना है। उक्त प्रतिवेदन पर स्पष्ट किया गया कि वर्त्तमान MIS प्रतिवेदन के अनुसार प्रथम चरण के 4927 राजस्व ग्रामों में 4914 राजस्व ग्रामों का किस्तवार पूर्ण हो गया है और 3919 राजस्व ग्रामों में खानापुरी भी हो चुकी है ऐसी स्थिति में उक्त दोनो एजेंन्सीयों द्वारा जियोरेफरेसिंग .Shp Format में डाटा प्राप्त नहीं कराया जाना खेदजनक है। निदेश किया गया कि .Shp Format में डाटा प्राप्त कराने हेतु एजेन्सीयों को पत्र प्रेषित किया जाए।

**(अनुपालन–.श्री कुमार कन्हैया, जी0आई0एस0 कोर्डिनेटर, मो0 अली, उच्चवर्गीय लिपिक एवं तीनो हवाई सर्वेक्षण एजेंसीं)**

(v) **लोक सेवाओं के लिए बनाए गए पोर्टल/सेवाओं एवं संपत्ति कार्ड के साथ मानचित्र की सम्बद्धता** :– इस संबंध में श्री प्रिंस, प्रोग्रामर ने बताया गया कि दिनांक 16.10.2023 तक एन0आई0सी0 नई दिल्ली द्वारा इन्हें ए0पी0आई0 उपलब्ध हो जायेगा।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 20.10.2023 तक उक्त कार्य पूर्ण रूप से चालु करने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन–श्री कुणाल किशोर/श्री प्रिंस कुमार, प्रोग्रामर)**

(vi एवं vii) **काउन्टर के माध्यम से विक्रय होने वाले मानचित्रों के अद्यतन स्थिति एवं डोर स्टेप डिलिवरी की समीक्षा**:– काउन्टर के माध्यम से विक्रय होने वाले मानचित्रों के अद्यतन स्थिति के संबंध में **उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना** द्वारा बताया गया कि चिन्हित एवं प्रचार–प्रसार करने की कार्रवाई की जा रही है, तथा डोर स्टेप डिलिवरी के संबंध में बताया गया की इस वित्तीय वर्ष में लगभग 15000 नक्शा निर्गत किया जा चूका है।

**(अनुपालन–उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना)**

(viii) **डिजिटली हस्ताक्षरित मानचित्रों से सम्बन्धित कार्य**:– इस संबंध में श्री प्रिंस कुमार, प्रोग्रामर द्वारा बताया गया की भू–नक्शा सॉफ्टवेयर में मानचित्र सेप फाईल में संधारित होता है जिसे डिजिटली हस्ताक्षरित नहीं किया जा सकता है, सिर्फ पी0डी0एफ फाईल को ही डिजिटल हस्ताक्षरित किया जा सकता है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा श्री कुणाल किशोर/श्री प्रिंस कुमार, प्रोग्रामर को एन0आई0सी0 नई दिल्ली एवं पटना से सनम्वय स्थापित कर 20.10.2023 तक निश्चित रूप से उक्त हेतु समाधान उपस्थापित करने का निदेश संबंधितों को दिया गया।

**(अनुपालन–श्री कुणाल किशोर/श्री प्रिंस कुमार, प्रोग्रामर/एन0आई0सी0)**

(ix) **कोर जी0आई0एस0 की स्थापना (पूर्व में जी0आई0एस0 लैब)**:– इस संबंध में संबंधित द्वारा बताया गया कि स्मार पत्र पत्रांक 8088 दिनांक 22.09.2023 भारत सरकार को समर्पित किया गया है।

(x) **डी0जी0पी0एस0 द्वारा मोन्यूमेंटेशन का कोर्डिनेट लिया जाना, सत्यापन कार्य एवं जी0सी0एन सॉफ्टवेयर में संधारण**:– इस संबंध में श्री प्रिंस कुमार, प्रोग्रामर द्वारा बताया गया कि कार्य प्रारंभ है परन्तु जी0आई0एस0 विशेषज्ञ की बहाली के उपरांत उनसे सहायता प्राप्त कर उक्त कार्य का संपादन किया जा सकेगा।

**(अनुपालन–श्री कुणाल किशोर/श्री प्रिंस कुमार, प्रोग्रामर/तीनों हवाई सर्वेक्षण एजेंसी)**

(xi) **विशेष सर्वेक्षण प्रक्रिया अन्तर्गत निर्मित होने वाले मानचित्रों में MAGIC के आधार पर की जाने वाली प्रविष्टियों की जाँच**:– इस संबंध में निदेशालय के नोडल पदाधिकारियों द्वारा अधोहस्ताक्षरी के समक्ष बैठक के दौरान नालंदा एवं शेखपुरा जिले के क्रमशः सिलाव एवं घाटकुसुम्भा के प्रपत्र–6 प्रविष्टि की जाँच ऑनलाईन की गई,

अधोहस्तमाक्षरी द्वारा इस संबंध में विशेष सर्वेक्षण संचालित सभी जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारियों को पत्र देने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन–श्री कुमार कन्हैया, जी0आई0एस0 कोर्डिनेटर/श्री प्रवीण कुमार, विशेष सर्वेक्षण कोषांग)**

(xii) **शाहाबाद एवं मुशहरी अंचल (मुजफ्फरपुर) के मानचित्रों का डिजिटाईजेशन** :— इस संबंध में श्री अभितोष कुमार, प्रोग्रामर द्वारा बताया गया कि वांछित डाटा बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना द्वारा उपलब्ध करा दिया गया है, इस संबंध में कार्रवाई की जा रही है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा उक्त कार्य दिनांक 20.10.2023 तक पूर्ण कर लेने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन— श्री अभितोष कुमार, प्रोग्रामर)**

(xiii) **आई0आई0टी0, रूड़की द्वारा उपलब्ध कराई जा रही तकनीक की सहायता से विशेष सर्वेक्षण प्रक्रिया अन्तर्गत मानचित्रों को प्रक्रमवार अद्यतन करने की प्रक्रिया**:—इस संबंध में संबंधितों द्वारा बताया गया कि श्री कमल जैन, आई0आई0टी0, रूड़की से वार्त्ता कर ली गई है, प्रोसेस फ्लो बनाने की कार्रवाई की जा रही है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 20.10.2023 तक उक्त कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन— श्री सुधीर कुमार ओंकारा, रा0अ0 / श्री शैलेश कुमार श्रीवास्तव, स0ब0प0)**

(xiv) **मानचित्र निर्माण एवं इसके सम्बन्धित समस्याओं के निराकरण आदि से सम्बन्धित प्रशिक्षण**:— इस संबंध में श्री प्रवीण कुमार, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि विशेष सर्वेक्षण संचालित जिलों के तकनीकि रूप से दक्ष विशेष सर्वेक्षण कर्मियों को चिन्हित कर एक WhatsApp Group बनाकर प्रशिक्षण संबंधित सामग्रीयाँ दी जा रही है।

**(अनुपालन— श्री प्रवीण कुमार, स0ब0प0 / श्री सुधीर कुमार ओंकारा, रा0अ0 / श्री कुमार कन्हैया, जी0आई0एस0 कोर्डिनेटर )**

## भू—सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर एवं R2R सॉफ्टवेयर

**(i)** **भू—अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय का वेबसाईट**— इस संबंध में श्री कुणाल किशोर, प्रोग्रामर द्वारा बताया गया कि कार्य पूर्ण हो गया है एवं निदेशानुसार गो0 लाईव कर दिया गया है।

**(अनुपालन—श्री कुणाल किशोर / श्री प्रिंस कुमार, प्रोग्रामर)**

**(ii)** **भू—सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर अन्तर्गत की गई प्रविष्टियों में त्रुटि सुधार के लिए जिला एवं निदेशालय के मध्य विषय का विभाजन**— इस संबंध में श्री कुणाल किशोर द्वारा बताया गया कि त्रुटियों को चिन्हित कर सूचिवद्ध करने की कार्रवाई की जा रही है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 20.10.2023 तक उक्त कार्य को पूर्ण कर निदेश दिया गया।

**(अनुपालन— श्री कुणाल किशोर, प्रोग्रामर, / श्री शैलेश कुमार श्रीवास्तव, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी विशेष सर्वेक्षण कोषांग)**

(iii) **दावा/आपत्ति के संबंध में**— इस संबंध में श्री कुणाल किशोर, प्रोग्रामर द्वारा पूर्व के समीक्षात्मक बैठक में बताया गया था कि उक्त कार्य पूर्ण हो गया है, परन्तु 13.10.2023 के समीक्षात्मक बैठक में इनके द्वारा बताया गया कि अभी तक कार्यवाही की जा रही है कार्य पूर्ण नहीं हो सका है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा खेद व्यक्त करते हुए दिनांक 20.10.2023 तक निश्चित रूप से उक्त कार्य को पूर्ण करने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन—श्री कुणाल किशोर/श्री प्रिंस कुमार, प्रोग्रामर)**

(iv) **रैयतों द्वारा समर्पित की जाने वाली स्वघोषणा के लिए समय—सीमा का निर्धारण**— इस संबंध में श्री कुणाल किशोर, प्रोग्रामर ने बताया गया कि कार्य पूर्ण हो गया है।

(v) **विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य में प्रपत्र—18 'क' के लिए भूमि सुधार उप समाहर्त्ता का लॉगिन बनाने के संबंध में**— इस संबंध में श्री कुणाल किशोर, प्रोग्रामर ने बताया गया कि कार्य पूर्ण हो गया है एवं सभी संबंधित भूमि सुधार उप—समाहर्त्ता को User ID एवं Password उपलब्ध करा दिया गया है एवं भूमि सुधार उप—समाहर्त्ता की राज्य स्तरीय समीक्षात्मक बैठक में इस संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण भी दे दिया गया है।

(vi) **विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य से संबंधित भू—सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में अंचल अधिकारी के लॉगिन के संबंध में**— इस संबंध में श्री कुणाल किशोर, प्रोग्रामर ने बताया गया कि उक्त हेतु पीत पत्र के माध्यम से आई0टी0 मैनेजर, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से राजस्व कर्मचारियों के मोबाईल नं0 उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है, एवं आई0टी0 मैनेजर वर्तमान में विपार्ड में प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु गये हुए है आने के उपरांत संपर्क किया जायेगा।

**(अनुपालन—श्री कुणाल किशोर/श्री प्रिंस कुमार, प्रोग्रामर)**

(vii) **अंतिम अधिकार अभिलेख के प्रकाशन उपरान्त अभिधारी खाता पंजी, चालू खतियान एवं पंजी—2 के लिए टैब बनाने के संबंध में**— इस संबंध में श्री कुणाल किशोर, प्रोग्रामर द्वारा बताया गया कि उक्त हेतु फॉर्मेट बन गया है, अंतिम रूप रेखा देना बाकी है।

**अधोहस्ताक्षरी द्वारा श्री शैलेश कुमार श्रीवास्तव, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी को उक्त कार्य का निरिक्षण कर दिनांक 20.10.2023 तक पूर्ण करने का निदेश संबंधितो को दिया गया है।**

**(अनुपालन—श्री शैलेश कुमार श्रीवास्तव, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी)**

(viii) **विशेष सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में सरकारी भूमि के डाटा संधारण के संबंध में**— इस संबंध में श्री कुणाल किशोर, प्रोग्रामर द्वारा विशेष सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में सरकारी भूमि का डाटा लाईव दिखाया गया।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा संबंधितों को सरकारी भूमि के डेटा संधारण के क्रम में सी0एस0 एवं आर0एस0 की तुलना में एस0एस0 में अंतर की जाँच करने का निदेश दिया गया, जाँच के क्रम में असमान्य अंतर पाये जाने पर निदेशक महोदय के सज्ञांन में लाने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन— श्री प्रवीण कुमार, स0ब0प0/श्री सुधीर कुमार ओंकारा, रा0अ0)**

(ix) **<u>ग्रामों के एल0जी0डी0 कोड के संबंध में</u>**— इस संबंध में श्री अभितोष कुमार, प्रोग्रामर द्वारा बताया गया कि 1048 राजस्व ग्रामों का वर्तनी का त्रुटी निराकरण, 1590 नए राजस्व ग्रामों का सूची उप सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजार से प्राप्त हुआ है जिसे सत्यापित कर लगभग दो माह पहले श्री विजय साम्राज्य, सहायक, बी0पी0एम0यू0 को विभाग से अनुमोदन प्राप्त करने हेतु समर्पित कर दिया गया है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा श्री विजय साम्राज्य, सहायक, बी0पी0एम0यू0 को दिनांक 20.10.2023 तक उक्त संचिका निदेशक महोदय के समक्ष उपस्थापित करना सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया है।

**(अनुपालन—श्री कुणाल किशोर / श्री प्रिंस कुमार, प्रोग्रामर / श्री अभितोष कुमार, प्रोग्रामर, श्री विजय सम्राज्य, बी0पी0एम0यू0)**

(x) **<u>भू—सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में सुनवाई के संबंध में</u>**— इस संबंध में श्री प्रिंस कुमार, प्रोग्रामर द्वारा बताया गया कि प्रपत्र—21 ऑनलाईन कर दिया गया है।

**(अनुपालन—श्री कुणाल किशोर / श्री प्रिंस कुमार, प्रोग्रामर)**

(xi) **<u>सर्वे ट्रेकर के संबंध में</u>**— इस संबंध में श्री कुणाल किशोर द्वारा बताया गया उनके द्वारा निदेशक महोदय से दिनांक 29.10.2023 तक पूर्ण करने का समय प्राप्त किया गया है।

**(अनुपालन—श्री कुणाल किशोर / श्री प्रिंस कुमार, प्रोग्रामर)**

(xii) **<u>प्रपत्र—6 की इंट्री की स्थिति</u>**— इस संबंध में श्री प्रिंस कुमार, प्रोग्रामर द्वारा पूर्व की समीक्षात्मक बैठक में बताया गया कि कार्य पूर्ण हो गया है, परन्तु दिनांक 13.10.2023 को बताया गया कार्य पूर्ण नहीं है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 20.10.2023 तक निश्चित रूप से पूर्ण करने का निदेश प्राप्त हुआ है।

(xiii) **<u>R2R सॉफ्टवेयर</u>**— इस संबंध में श्री कुणाल किशोर, प्रोग्रामर द्वारा बताया गया कि कार्य प्रगति पर है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 20.10.2023 तक कृत कार्रवाई से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन—श्री कुणाल किशोर / श्री प्रिंस कुमार, प्रोग्रामर)**

(xiv) **Employee Corner के सृजन के संबंध में**– इस संबंध में श्री प्रिंस कुमार, प्रोग्रामर द्वारा पूर्व की समीक्षात्मक बैठक में बताया गया कि कार्य पूर्ण हो गया है, परन्तु दिनांक 13.10.2023 को बताया गया की मास्टर डाटा दिनांक 13.10.2023 प्राप्त हुआ है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा 20.10.2023 तक कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया गया।

(xv) **MIS Software के संबंध में**– इस संबंध में श्री कुणाल किशोर, प्रोग्रामर द्वारा नवम्बर प्रथम सप्ताह तक समय की मांग किया गया है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा समय प्रदान करते हुए निश्चित रूप से उक्त समयावधि में कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन–श्री कुणाल किशोर/श्री प्रिंस कुमार, प्रोग्रामर)**

अंत में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

19/10/2023

**(विनोद कुमार पंकज)**
सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (3) विविध (आई0टी0 सेल)–13/2023 8606 **पटना, दिनांक** 19/10/2023

**प्रतिलिपिः** उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना/सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप,

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (3) विविध (आई0टी0 सेल)–13/2023 8606 **पटना, दिनांक** 19/10/2023

**प्रतिलिपिः** एन0आई0सी0, पटना/हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, ARAHAS Technology Pvt. Ltd. (Indo Enviro Integrated Solution Limited (IL&FS)), GISC, IIC को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

19/10/2023

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप,

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (3) विविध (आई0टी0 सेल)–13/2023 8606 **पटना, दिनांक** 19/10/2023

**प्रतिलिपिः** प्रशाखा पदाधिकारी/सभी सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग/श्री शैलेश कुमार श्रीवास्तव, स0ब0प0/श्री प्रवीण कुमार, स0ब0प0/श्री सुधीर कुमार ओंकारा, रा0आ0, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03 / भू0अ0नि0 (3) विविध (आई0टी0 सेल)–13 / 2023 8606 **पटना, दिनांक** 19/10/2023

**प्रतिलिपि**: प्रभारी, आई0टी0 सेल / श्री विजय साम्राज्य, सहायक, बी0पी0एम0यू0 / श्री कुमार कन्हैया, जी0आई0एस0 कोर्डिनेटर / श्री अभितोष कुमार, प्रोग्रामर / श्री कुणाल किशोर / श्री प्रिंस कुमार, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03 / भू0अ0नि0 (3) विविध (आई0टी0 सेल)–13 / 2023 8606 **पटना, दिनांक**: 19/10/2023

**प्रतिलिपि**:– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03 / भू0अ0नि0 (3) विविध (आई0टी0 सेल)–13 / 2023 8606 **पटना, दिनांक** 19/10/2023

**प्रतिलिपि** : निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

19/10/23

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप